हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार 8 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 25 .5 डिग्री
न्यूनतम 5 .0 डिग्री

12 खिलाड़ी कभी नहीं हारता, बल्कि हार से जीतने का हुनर सीखता : डा. कृष्ण कुमार



12 ठंड के साथ बढ़ी बिजली की खपत, बरसात की अभी संभावना नहीं किसान कर रहे बेसब्री से इंतजार



## खबर संक्षेप

### एनडीपीएस एक्ट का आरोपी भेजा जेल

**बावल।** पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बावल थाना पुलिस ने गुप्ता सूचना के आधार पर 6 दिसंबर को नैचाना निवासी संजोग को नशीले कैप्सूलों के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके कब्जे से 10 पत्ते नशीले कैप्सूल बरामद किए थे, जिनका वजन 140 ग्राम था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस नशीले कैप्सूल मुहैया कराने वाले की तलाश कर रही है।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने मारपीट करने और धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 28 अगस्त को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पीड़ित ने अपने बयान में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने लिसान निवासी रवि, डेविड और सुमित को काबू कर लिया। आरोपियों को तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### एक्साइज एक्ट का आरोपी चढ़ा हत्थे

**धारूहेड़ा।** थाना जाटूसाना पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जोनावास गांव से शराब बरामद करने के बाद गत 64 दिसंबर को एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में एक आरोपी युद्धवीर फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने आरोपी को इस मामले में काबू कर लिया। आरोपी को बाद में पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक पकड़ा

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने सड़क हादसे में एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने के बाद 2 दिसंबर को केस दर्ज किया था। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच करते हुए खरखड़ा निवासी यश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसका वाहन भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। बाद में आरोपी को तफ्तीश में शामिल करते हुए पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस शिकायत में एक गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए परेशान करने और दहेज नहीं लाने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे, परंतु सहमति नहीं बनी। पुलिस ने 17 नवंबर को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने दिल्ली के नरेला निवासी विजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### धोखाधड़ी मामले का आरोपी रिमांड पर

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई थाना पुलिस ने धोखाधड़ी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 30 जून को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के खेतड़ी के छाबड़िया भजना वाली धर्मदड़ा निवासी अशोक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

---

*जनवरी से अब तक 22 लाख 38 हजार 697 घरों में हुई लार्वा की जांच*

# ठंड बढ़ने के साथ थम गए डेंगू के मामले, गत वर्ष से इस बार कम रहा मरीजों का आंकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सर्दी बढ़ने के साथ ही डेंगू पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा भी थम गया है। 21 नवंबर को डेंगू के दो केस मिलने के बाद दिसंबर माह के सात दिनों में 3 पॉजिटिव मरीज मिले है। 3 दिसंबर को एक डेंगू पॉजिटिव मरीज मिलने से सीजन में आंकड़ा 297 पर थम गया है। गत वर्ष 2024 में दिसंबर तक 411 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिले थे, इस बार गत वर्ष से मरीजों का आंकड़ा 114 कम है। एमपीचडब्ल्यू, ब्रीड़िग चेकर व आशा वर्कर की ओर से लगातार सोर्स रिडेक्शन एक्टिविटी के दौरान घरों में लार्वा की जांच की जा रही है। इस वर्ष जनवरी से अब तक 2238697 घरों में लार्वा की जांच की जा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस वर्ष में अब तक डेंगू संभावित 4557 लोगों के ब्लड सेंपल लिए जा चुके है तथा घरों में लार्वा मिलने पर 3939 लोगों को नोटिस दिए गए है। इस वर्ष प्राइवेट लैबों से 227 डेंगू मरीजों व सरकारी लैब से 71 मरीजों की पुष्टि की गई है।

**घरों में लार्वा मिलने पर 3939 लोगों को थमाए गए नोटिस**



रेवाड़ी। लार्वा मिलने पर नोटिस देते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### डेंगू से सतर्क रहे नागरिक



डा. अमित यादव

*जिला मलेरिया अधिकारी डा. अमित यादव ने कहा कि आमजन को डेंगू व मलेरिया के बचाव के लिए सजग व सतर्क रहना चाहिए। डेंगू का मच्छर साफ पानी में ही पनपता है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे अपने घरों के आस पास पानी एकत्रित न होने दें व घर में पानी के बर्तनों को ढककर रखें। मच्छरों से बचने के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें एवं सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। बुखार होने पर निकट के स्वास्थ्य केंद्र पर रक्त की जांच एवं उपचार कराएं।*

### वर्ष में अब तक मिले डेंगू मरीज

मलेरिया हेल्थ इस्पेक्टर हरिप्रकाश ने बताया कि इस वर्ष डेंगू के 297 व मलेरिया के 14 केस मिले है। उन्होंने बताया कि 4 जनवरी का पहला डेंगू का केस मिला था, जिसके बाद फरवरी माह में एक, मार्च में 2 व अप्रैल में एक डेंगू मरीज मिलने के बाद मई में कोई केस नहीं मिला था, जिसके बाद जून से डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी। जून माह में 7, जुलाई में 9, अगस्त में 101, सितंबर में 95, अक्टूबर में 60, नवंबर में 17 डेंगू मामलों के बाद दिसंबर में अब तक 3 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिले है। शहर में अब तक 128, बावल सीएचसी में 57, मीरपुर सीएचसी में 31, खोल सीएचसी में 52, गुरावड़ा सीएचसी में 15 व नाहड़ सीएचसी के अर्न्तगत 14 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिले है।

**नौ साल के डेंगू के आंकड़े**

| वर्ष | जिले में मिले डेंगू केस |
|---|---|
| 2017 | 137 |
| 2018 | 82 |
| 2019 | 27 |
| 2020 | 39 |
| 2021 | 306 |
| 2022 | 324 |
| 2023 | 403 |
| 2024 | 411 |
| 2025 | 297 |

---

# राज्य युवा महोत्सव के लिए रेवाड़ी की टीम पंचकूला रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रविवार को राज्य युवा महोत्सव के लिए रेवाड़ी से प्रतिभागियों का दल रवाना हुआ। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव इंद्रधनुष सभागार पंचकूला में 8 से 10 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। जिला समन्वयक अधिकारी व प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुरेन्द्र सिंह ने प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। युवा महोत्सव में 42 प्रतिभागी 8 विधाओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। 3 दिन तक चलने वाले राज्य स्तरीय महोत्सव में जिले स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तर पर अपनी कला का जौहर दिखाएंगे। जिले का दल युवा समन्वयक अधिकारी प्रदीप यादव व सोनिया यादव के मार्गदर्शन में रवाना हुआ। युवाओं के दल के साथ मेरा युवा भारत से यतिन चारण व प्रतिभागियों के अभिभावकगण भी गए है।



रेवाड़ी। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने वाली टीम। फोटो : हरिभूमि

---

# ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन: पुलिस ने अवैध शराब और सट्टा खाईवाली के मामले में चार आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

पुलिस की ओर से ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत जुआ-सट्टा, नशा व अवैध हथियार सहित अन्य अवैध गतिविधियों संलिप्त आरोपियों पर नकेल कसी जा रही है। अभियान के तहत पुलिस की विभिन्न टीमें संवेदनशील, भीड़भाड़ वाले तथा अपराध प्रभावित क्षेत्रों में जांच कर रही है। अभियान के दौरान पुलिस ने जुआ-सट्टा व अवैध रूप से शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए सफलता हासिल की है। शहर थाना पुलिस ने सट्टा खाईवाली करते हुए आरोपी संजय कुमार निवासी मोहल्ला आनंद नगर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 10310 रुपये बरामद किए। वहीं जगन गेट चौकी पुलिस ने सट्टा खाईवाली के दूसरे मामले में गौरव आहूजा निवासी मोहल्ला खासापुरा को गिरफ्तार करके 3310 रुपये बरामद किए है। अभियान के तहत धारूहेड़ा थाना पुलिस टीम ने गांव जोनावास निवासी युद्धबीर को 48 बोतल देशी शराब सहित काबू किया है। मॉडल टाउन पुलिस टीम ने गांव कोनसीवास निवासी आरोपी कुलदीप को 16.75 बोतल देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है।



रेवाड़ी। पुलिस की ओर से पकड़ी गई अवैध शराब। फोटो : हरिभूमि

### आरोपियों की पुलिस को जानकारी देने की अपील

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने जिले के गांवों के सरपंचों, पुलिस मित्रों, सामाजिक प्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों से अपने-अपने क्षेत्र में नशा बेचने वालों, जुआ खिलाने वालों व अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी पुलिस को देने की अपील की है, ताकि आपराधियों पर तुरंत कानूनी कार्यवाही की जा सकें। एसपी ने समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से भी अपील करते हुए कहा कि जिनके पास घर नहीं है तथा खुले आसमान के नीचे रहते है और ओढ़ने व पहनने के लिए कपड़े-कंबल नहीं है, वे उनकी पहचान करके उनके रहने, कंबल, भोजन व पानी की व्यवस्था करने में प्रशासन का सहयोग करें।

---

# दो ट्रांजेक्शन के जरिए एक लाख की साइबर ठगी का दूसरा आरोपी काबू

- पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रोहड़ाई थाना पुलिस ने गत वर्ष गांव रोहडाई निवासी एक व्यक्ति से दो ट्रांजेक्शन के जरिए एक लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला झुंझुनू के गांव के छाबड़यिा भजनावाली ढाणी धर्मदड़ा निवासी अशोक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव रोहडाई निवासी तेजबीर ने शिकायत में बताया था कि गत वर्ष मई माह में बैंक खाते से दो बार ट्रांजेक्शन के जरिए साइबर ठगी करके एक लाख रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए गए। उसे 11 अक्टूबर 2024 को बैंक प्रबंधक ने एक लाख रुपये ट्रांसफर होने की जानकारी दी। यह राशि एक सीआर आयरन वर्क्स फर्म के खाते में ट्रांसफर हुई थी, जिसका स्वामित्व राजस्थान जिला झुंझुनू के गांव मनौता कलां निवासी रितिक कुमार के नाम है। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी रितिक कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने शनिवार को एक और आरोपी अशोक कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

---

# श्रीराम कथा के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

कस्बा धारूहेड़ा में श्रीराम कथा के शुभारंभ से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। श्री राम कथा का आयोजन श्रीमद् भागवत सेवा समिति की ओर से नंदरामपुर बास रोड स्थित गायत्री मंदिर के पास किया जा रहा है। कथा का आयोजन 16 दिसंबर तक किया जाएगा। सोहना रोड पर स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण से शुरू हुई कलश यात्रा में करीब 900 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किए। कथावाचक वृंदावन के संत गोपाल आचार्य महाराज प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4: बजे तक श्रीराम कथा का वाचन करेंगे। कलश यात्रा में धार्मिक ग्रंथ विवेकानंद स्कूल के अध्यक्ष अभिषेक यादव ने सिर पर धारण किया। इस अवसर पर शिवदीप सरपंच, अभिषेक यादव, वार्ड पार्षद सागर, धर्मवीर त्यागी व खेमचंद शर्मा सहित अनेक श्रृद्धालु मौजूद थे।



रेवाड़ी। श्रीराम कथा से पूर्व कलश यात्रा निकालते श्रृद्धालु। फोटो : हरिभूमि

---

# सीआईएसएफ के जवान का निधन सैनिक सम्मान के साथ अंतिम विदाई



रेवाड़ी। सीआईएसएफ के जवान को सलामी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

सीआईएसएफ के जवान झाल निवासी मुंशी राम का हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर झाल गांव पहुंचा, जहां सैनिक सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। सीआईएसएफ की टुकड़ी ने उन्हें सलामी दी। लगभग 53 वर्षीय मुंशीराम सीआईएसएफ में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। पोस्टिंग ओएनजीसी के गुजरात स्थित मेहसाना उपक्रम में चल रही थी। एक दिन पहले ही उनका हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। मुंशीराम का अंतिम संस्कार रविवार को उनके पैतृक गांव झाल में किया गया, जहां बड़ी संख्या में गांव के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सीआईएसएफ की टुकड़ी ने मुंशीराम को सलामी दी। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी उन्हें पुष्पचक्र अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी।

---

*सैनी पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का समापन*

# विद्यार्थियों ने रेस व कबड्डी सहित अनेक खेलों में दिखाए जौहर

- बच्चों ने एरोबिक डांस पेश कर दर्शकों की तालियां बटोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सैनी पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट विश्वामित्र यादव, अनिल सैनी एनिमेट पर्सन सीएम तथा एडवोकेट चिराग भारद्वाज कोषाध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में आजीवन सदस्य प्रकाश सैनी, धर्मपाल सैनी, कैलाश सैनी व दुलीचंद सैनी ने शिरकत की। बच्चों ने एरोबिक डांस पेश कर दर्शकों की तालियां बटोरी। खेल महोत्सव में बच्चों ने लेमन रेस,100 मीटर व 200 मीटर दौड़, रिले रेस, लंबी कूद, शॉटपुट, बैक रेस व कबड्डी प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन किया। अभिभावकों के लिए हुई 100 मीटर रेस भी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में सैनी सभा के प्रधान मनोज सैनी, उपप्रधान राम सिंह सैनी, महासचिव एडवोकेट धर्मेन्द्र सैनी, सह सचिव सुंदर लाल सैनी, सैनी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन कैलाश सैनी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सैनी, सैनी महासभा हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष चेतराम सैनी, सलाहकार समिति के चेयरमैन शशि भूषण सैनी, प्रकाश सैनी भाजपा नेता, कार्यकारिणी सदस्य पूर्व पार्षद ओमप्रकाश सैनी, सतीश सैनी, उमेश सैनी, कॉलेजियम सदस्य अजीत सैनी, अशोक सैनी, सुभाष सैनी, ओमप्रकाश सैनी, एडवोकेट सचिन सैनी, एडवोकेट ललित सैनी, एडवोकेट भूपेश सैनी, भगवान दास सैनी, राजकुमार सैनी, राजेश सैनी, मनीष सैनी, दलीप सैनी व संजय सैनी उपस्थित थे।

सैनी सभा के प्रधान मनोज सैनी ने टीम के साथ विजेता विद्यार्थियों व अभिभावकों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्राचार्या अनीता यादव ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।





रेवाड़ी। खेल महोत्सव के समापन पर डांस पेश करती छात्रा, कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

---

### गांव मोहनपुर में आज प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम

**रेवाड़ी।** जिला प्रशासन की ओर से 8 दिसंबर को बावल विस के गांव मोहनपुर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सीटीएम जितेंद्र कुमार ने बताया कि डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।



# जापान में फैंस से मिले प्यार पर हैरान हुए प्रभास

**मुंबई।** भारत की फिल्मों को देश ही नहीं, विदेशों में भी खूब देखा जाता है। हाल ही में फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की जापान में स्क्रीनिंग हुई। इसी सिलसिले में फिल्म के लीड एक्टर प्रभास जापान पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इस पर फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने प्रभास के लिए भावुक नोट लिखा। इसके जवाब में प्रभास ने भी एक पोस्ट लिखी है। जापान में 'बाहुबली द एपिक' 12 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग पर प्रभास ने कहा 'आपके प्यार के लिए धन्यवाद। आप लोगों का प्यार मैं लंबे समय से सुन रहा था। आज यहां आकर समझ आया कि यह प्यार कितना सच्चा और गहरा है।

लाइफ Style



# सामंथा
## शादी के चार दिन बाद शुरू की शूटिंग

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु से शादी की थी और चार दिन बाद ही वह काम पर लौट आईं। सामंथा ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और वैनिटी वैन से तस्वीर शेयर की है।

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु के साथ शादी की थी और अब चौथे दिन ही वह काम पर लौट आईं। न्यूली वेड एक्ट्रेस ने सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है। सामंथा ने शुक्रवार, 5 दिसंबर को वैनिटी वैन से अपनी तस्वीर शेयर की। वह अपनी नई फिल्म 'मेरे घर की लक्ष्मी' में बिजी हैं। सामंथा हनीमून पर भी सिर्फ एक ही दिन के लिए जा पाई थीं और बताया था कि वह बाद में ज्यादा दिन के लिए जाएंगी। अभी उन्हें शूट पर वापस लौटना है, तो सिर्फ एक दिन का गोवा का हनीमून प्लान किया है। सामंथा रुथ प्रभु अब काम पर लौटीं तो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह मेकअप चेयर पर बैठीं डायरेक्टर नंदिनी रेड्डी और मेकअप आर्टिस्ट अवनी रंभिया से बातें करती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'लेट्स गो।' सामंथा ने इस दौरान कैजुअल टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी, पर उनके हाथों और पैरों पर दुल्हन वाली मेहंदी साफ दिखाई दे रही थी। 30 नवंबर को सामंथा और राज निदिमोरु की शादी की खबरें सामने आई थीं, और अगली सुबह एक्ट्रेस ने तस्वीरें शेयर कर कन्फर्म किया कि उनकी और राज निदिमोरु की शादी हो गई।

हॉलीवुड मसाला



# मेन इन ब्लैक की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहिट साइंस फिक्शन एक्शन फ्रेंचाइज 'मेन इन ब्लैक' के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि विल स्मिथ एक नए मिशन के साथ सीरीज की अगली फिल्म में बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। 'बैड बॉयज' फ्रेंचाइज को रीबूट करने के बाद, सोनी पिक्चर्स अपना ध्यान अपनी एक और सबसे बड़ी हिट 'मेन इन ब्लैक' पर लगा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक नई 'मेन इन ब्लैक' मूवी पर काम शुरू हो गया है, जिसकी कहानी लिखने का जिम्मा 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' के राइटर क्रिस ब्रेमर को मिला है।



# जस्टिन के साथ साझा की तस्वीरें, रिश्ते पर लगी मुहर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिरकार अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप से दुनिया के सामने ला दिया है। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच दोनों ने जापान टूर की निजी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर एक तरह से अपने प्यार पर मुहर लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों ने यह साफ कर दिया है कि यह रिश्ता अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि सच है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर'पर हैं और इसी दौरान उन्होंने जापान के इस टूर को साझा किया। पोस्ट में दोनों को एक साथ सेल्फी लेते हुए, कला प्रदर्शनियों का आनंद लेते हुए और साथ में समय बिताते हुए देखा जा सकता है। पेरी ने कैप्शन में केवल इतना लिखा- 'टोक्यो टाइम्स ऑन टूर एंड मोर' लेकिन इन कुछ शब्दों ने उनके रिश्ते की तस्वीर को पूरी तरह साफ कर दिया।



# पहली बार साथ दिखेंगे करीना- पृथ्वीराज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। इस बीच अब मेघना गुलजार ने फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग को लेकर अपडेट दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेघना गुलजार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने फिल्म के फाइनल शेड्यूल को लेकर जानकारी दी है। मेघना ने जो तस्वीर साझा की है वो किसी कार के अंदर की तस्वीर है। इसमें सीट पर बड़े-बड़े बैग रखे नजर आ रहे हैं। संभवतः इनमें शूटिंग उपकरण हैं। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# मिशन इम्पॉसिबल के पूरे हुए 14 साल

**मुंबई।** 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' को रिलीज हुए 14 साल हो गए हैं। 7 दिसंबर, 2011 को रिलीज हुई हॉलीवुड जासूसी एक्शन फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' का दुबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ था। फिल्म के 14 साल पूरे होने पर, अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं और साथ ही एक प्यारा नोट भी लिखा है। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' के सेट की कई खास तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में अनील अपनी बेटी सोनम कपूर आहूजा और टॉम के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कई तस्वीरों में 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' की स्टार कास्ट के साथ अनिल पोज देते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



# तारक मेहता को एक और बड़ा झटका, प्राजक्ता ने छोड़ा शो

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिटकॉम पिछले 17 सालों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। ये शो अपनी कहानी के साथ-साथ अपने किरदारों को लेकर भी सुर्खियों में बना रहता है। वहीं, बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। एक और कलाकार ने ने सिर्फ इस शो को छोड़ा बल्कि मेकर्स पर आरोप लगाए हैं। दरअसल, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के हम जिए कलाकार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि एक्ट्रेस प्राजक्ता शिसोदे हैं। शो में उन्हें हमेशा ही गोकुलधाम सोसाइटी में सब्जी बेचते देखा गया और महिला मंडल संग गपशप करते। लेकिन, अब प्राजक्ता ने इस शो को अलविदा कह दिया हैं और इसकी जानकारी खुद एक पोस्ट शेयर करके दी है। साथ ही अपमान करने का आरोप लगाया है। प्राजक्ता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शो छोड़ने की वजह बताई है। प्राजक्ता ने अपने किरदार की अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया कि वो अब वो 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं।

## अरमान और अभिर में होगी टक्कर

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। क्योंकि अरमान की एक गलती



की वजह से अभिरा के साथ उसका रिश्ता मुश्किल में आ जाएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग का एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। फिर एक बार अभिरा और अरमान के रिश्ते में दरार आ सकती है। रविवार के एपिसोड में आप देखेंगे कि अभिरा अपने पति अरमान को समझाएगी कि अगर वो उसकी जगह होती तो किसी एक पर सारा आरोप डाल देने की बजाए दोनों से तसल्ली से बात करती और फिर उन्हें समझाने की कोशिश करती। लेकिन, अभिरा की बात अरमान के खास समझ नहीं आएगी। क्योंकि शो के नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि उस वक्त पूरे परिवार के सामने तमाशा खड़ा हो जाएगा जब माहौल काफी टेंशन भरा होने के बाद कियारा अचानक वहां से भाग खड़ी होगी। अभिर उसके पीछे-पीछे जाएगा और कहेगा कि कियारा मैं तुमसे सचमुच प्यार करता हूं।

# रीना-किरण और गौरी, तीनों ने मेरी जिंदगी को नई दिशा दी

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान हमेशा अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते हैं। लेकिन, इस बार उन्होंने अपने रिश्तों पर खुलकर बात की है। आमिर ने पूर्व पत्नियों और गर्लफ्रेंड पर एक इंटरव्यू में बात की है। आमिर खान ने अपने करियर के शुरुआती दौर में रीना दत्ता के साथ शादी की थी और दोनों ने करीब 16 साल साथ बिताए। उनके दो बच्चे जुनैद और आइरा, इस रिश्ते की सबसे बड़ी याद के तौर पर मौजूद हैं। अलग होने के बावजूद दोनों हमेशा एक-दूसरे के लिए सम्मान से भरे रहे। आमिर ने कहा कि रीना उनकी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा हैं और वह हमेशा उनके साथ एक मजबूत दोस्ती के रिश्ते में रहेंगे। उन्होंने यह भी माना कि इतना लंबा सफर साथ बिताने के बाद रिश्ता भले ही पति-पत्नी का नहीं रहा, लेकिन इंसान के रूप में दोनों कभी एक-दूसरे से अलग नहीं हुए। किरण राव और आमिर की शादी भी करीब 16 साल चली। दोनों ने मिलकर बेटे आजाद को पाला और तलाक के बाद भी उनकी परवरिश में



कोई बदलाव नहीं आया। आमिर ने बताया कि वह और किरण आज भी एक परिवार की तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि किरण, उनके माता-पिता, रीना और उनके माता-पिता, सभी मिलकर एक बड़ा, समझदार और संतुलित परिवार बनाते हैं। ये आपसी गर्मजोशी ही आमिर के व्यक्तिगत जीवन को खास बनाती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगा था कि एक उम्र के बाद वह दोबारा प्यार कर पाएंगे, तो उन्होंने साफ कहा- नहीं। लेकिन फिर उनकी मुलाकात हुई गौरी स्प्रेट से, जिनके बारे में आमिर ने बताया कि वह उनकी जिंदगी में बेहद सुकून और स्थिरता लेकर आई हैं।

# वो शर्त जिसकी बलि चढ़ा अमृता सिंह और रवि शास्त्री का रिश्ता, 39 साल पहले इस तस्वीर से खुली थी अफेयर की पोल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड और क्रिकेट का बहुत ही पुराना और गहरा कनेक्शन रहा है। जहां कई क्रिकेटर्स एक्ट्रेसेस को दिल दे बैठे और घर भी बसा लिया, वहीं कुछ का प्यार मुकम्मल नहीं हो सका। इस लिस्ट में अमृता सिंह और रवि शास्त्री का भी नाम शामिल है। यह 80 के दशक की बात है। तब एक तरफ रवि शास्त्री क्रिकेट की दुनिया में छाए हुए थे और सब उनके मुरीद थे, वहीं दूसरी ओर अमृता सिंह भी फिल्मों में डेब्यू कर चुकी थीं और चर्चा बटोर रही थीं। तब सोशल मीडिया इतना चलन में नहीं था, पर उस वक्त की मैगजीन और अखबारों में अमृता सिंह और रवि शास्त्री के अफेयर की खूब चर्चा होती थी। फिर साल 1986 में एक मैगजीन के कवर पर जब अमृता और रवि शास्त्री की तस्वीर सामने आई, तो अफेयर की बात एकदम साफ हो गई। फिर ऐसा क्या हुआ था कि दोनों का रिश्ता टूट गया, जबकि शादी की भी खबरें आने लगी थीं?



### बचपन की दोस्त से की शादी

लेकिन, न तो रवि शास्त्री झुकने को तैयार हुए और ना ही अमृता सिंह मानीं। और इस तरह उनका रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इसके बाद शास्त्री ने साल 1990 में बचपन की दोस्त रितु से शादी कर ली और बेटी अलेका के पिता बने। हालांकि, दो दशक से भी ज्यादा समय बाद उनकी शादी टूट गई।

### मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी पहली मुलाकात

एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि शास्त्री और अमृता सिंह की पहली मुलाकात मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी। तब रवि शास्त्री ने बाद में स्वीकार किया था कि शुरू में वह 10 मिनट तक बात ही नहीं कर पाए और बहुत शरमा रहे थे। तब अमृता ने ही बात करना शुरू किया। इसके बाद रवि शास्त्री और अमृता की नजदीकियां बढ़ने लगीं, और एक-दूसरे से प्यार करने लगे। इसके बाद जब नवंबर 1986 में 'सिने ब्लिट्ज' मैगजीन के कवर पर अमृता सिंह और रवि शास्त्री की तस्वीर दिखी, तो उनका रिश्ता पब्लिक हो गया था। उनकी केमिस्ट्री की तो तारीफ हुई ही, साथ ही उनकी शादी की अटकलें और तेज हो गई थीं। लेकिन किसी वजह से इस रिश्ते में रोड़ा अटक गया। रवि शास्त्री की एक शर्त ने अमृता सिंह के साथ उनके रिश्ते को खत्म कर दिया।

**किसी एक्ट्रेस को पत्नी नहीं बनाना चाहता :** रिपोर्ट के मुताबिक, उस दौर के एक इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने साफ कर दिया था कि वह किसी एक्ट्रेस को अपनी पत्नी नहीं बनाना चाहते। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टनर की पहली प्राथमिकता उसका घर होना चाहिए। उस वक्त अमृता अपने करियर के पीक पर थीं और सुपरहिट डेब्यू फिल्म दे चुकी थीं, जिसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई थी। अमता ने यह कहते हुए विरोध जताया कि वह अपने प्रोफेशन से यूं ही दूर नहीं जा सकतीं। हालांकि, यह भी कहा था कि कुछ साल के बाद वह जरूर हाउसवाइफ बनकर रह सकती हैं और घर संभाल सकती हैं।

## एक के बिके थे 3 करोड़ से ज्यादा टिकट तो एक की 2 करोड़ कमाई

# धर्मेंद्र की दो फिल्मों ने रूस में कर दिया था कमाल

*__नई दिल्ली।__ रूस और भारत के रिश्ते सिर्फ राजनीतिक नींव पर नहीं टिके हैं, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी हैं, जो इन रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्ते बहुत पुराने हैं और उसका बहुत ज्यादा श्रेय हिंदी सिनेमा को भी जाता है। हिंदी सिनेमा के कुछ कलाकारों ने सोवियत संघ के बाजारों पर अपनी फिल्मों के जरिए छाप छोड़ी। उन्हीं में से एक एक्टर थे धर्मेंद्र देओल, जिनका निधन 24 नवंबर 2025 को उम्र संबंधी बीमारियों के बाद हुआ। उनकी दो फिल्में वहां रिलीज हुईं और सुपरहिट हुईं थीं। वैसे तो धर्मेंद्र की बहुत सारी फिल्मों को रूस में रिलीज किया गया, लेकिन उनकी 'अलीबाबा और 40 चोर' का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। 1980 में आई 'अलीबाबा और 40 चोर' फिल्म का निर्माण सिर्फ भारत की कंपनी के बैनर तले ही नहीं हुआ, बल्कि फिल्म का सह-निर्माण भारत की ईगल फिल्म्स और सोवियत संघ के उज्बेक फिल्म स्टूडियो ने मिलकर किया था। फिल्म न केवल भारत सुपरहिट साबित हुई, बल्कि इसका जादू रूस में भी चला।*



### इस फिल्म ने बना दिया था ग्लोबल आइकन

फिल्म को रूसी भाषा में रिलीज किया गया और ये दोनों देशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। फिल्म भारत के सिनेमाघरों पर 25 हफ्तों तक लगातार चली और फिल्म ने भारत में 3 करोड़ की कमाई की। वहीं, सोवियत संघ में भी फिल्म ने लगभग 2 करोड़ की शानदार कमाई की थी। इस फिल्म ने धर्मेंद्र को ग्लोबल आइकन बना दिया था।

### धरमवीर भी रूस में हुई थी रिलीज

'अलीबाबा और 40 चोर' के अलावा धर्मेंद्र की 'धरमवीर' फिल्म भी उस मुल्क में हिट साबित हुई थी। फिल्म साल 1997 की दूसरी बड़ी हिट बनकर उभरी थी और रूस में फिल्म के 3 करोड़ से ज्यादा टिकट बिके थे। फिल्म ने भारत के सिनेमाघरों पर तकरीबन 50 हफ्तों तक अपना जादू बिखेरा था और इसी फिल्म की वजह से फैंस ने उन्हें 'आयरन' मैन का टैग दिया था।

### अलीबाबा और 40 चोर

रूस में रिलीज के बाद फिल्म 'अलीबाबा और 40 चोर' में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की रोमांटिक केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। धर्मेंद्र को उनकी खूबसूरती की वजह से पहले ही भारत में पसंद किया जा रहा है, लेकिन सोवियत संघ में भी अपनी पर्सनैलिटी और हैंडसम चेहरे की वजह से उन्हें अलग पहचान मिली।



## खबर संक्षेप


नारनौल। गोवंश के लिए सवामणी लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### विवाह की वर्षगांठ पर लगाई गोवंश के लिए सवामणी

**नारनौल।** रोटरी क्लब सिटी की ओर से गोमाता की सेवा के लिए चलाई जा रही सवामणी मुहीम के तहत रोटेरियन रवि चौधरी व सुनीता चौधरी ने विवाह की 25वीं वर्षगांठ पर सवामणी लगाई। सवामणी मुहीम के प्रोजेक्ट इंचार्ज नवीन गुप्ता की देखरेख में गोमाता को हरी सब्जियां खिलाकर सेवा में सहयोग दिया। रोटेरियन रवि चौधरी ने कहा कि गोमाता की सेवा से बढ़कर कोई धर्म कार्य नहीं है। मौके पर प्रधान राजकुमार चौधरी, प्रवीण संघी, एडवोकेट राजकुमार यादव, नरेश गोगिया, हितेंद्र शर्मा, पवन , विजय जिंदल, रवि चौधरी, नवीन गुप्ता, मधुर गर्ग आदि मौजूद रहे।


महेंद्रगढ़। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### रामलीला परिषद में सुंदरकांड पाठ आयोजित

**महेंद्रगढ़।** श्री रामलीला परिषद स्थित सिद्धपीठ बालाजी मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं अन्नकूट प्रसाद का आयोजन किया गया। परिषद के पूर्व प्रधान अतुल दीवान ने बताया कि रामलीला परिषद प्रांगण में मासिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है, इसी कड़ी में परिषद प्रांगण में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ से मन को असीम शांति की प्राप्ति होती है। श्री राम प्रचार मंडल के सदस्यों के सहयोग से भजनों के संपुट लगाकर चौपाइयों से बाबा को रिझाया गया। पाठ के बाद बाबा को अन्नकूट प्रसाद का भोग लगाया गया।

## आरपीएफ चलाएगी 'ट्रैस पासर' अभियान

# पटरियों के रास्ते रेलवे ट्रैक पार किया,तो होगी कार्रवाई

आईजी आरपीएफ रेनू पुष्कर छिब्बर ने आरपीएफ को जागरूकता अभियान शुरू करने के दिए हैं निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

उत्तर मध्य रेलवे जोन में अब रेलवे ट्रैक पार करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चुनार रेलवे स्टेशन पर बुधवार को हुई दिल दहला देने वाली दुर्घटना ने रेलवे प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। क्योंकि कालका मेल की चपेट में आने से छह यात्रियों की जान चली गई थी। इस हादसे के बाद आरपीएफ को पूरे जोन में 'ट्रैस पासर' अभियान शुरू करने के निर्देश दिए गए है। बता दें कि आईजी आरपीएफ रेनू पुष्कर छिब्बर ने पूरे जोन में 'ट्रैस पासर' अभियान चलाने के सख्त निर्देश दिए हैं। अभियान का मतलब है 'ट्रैक पर अनधिकृत घुसपैठ' को रोकना। अब ट्रैक पार करना कोई सामान्य बात नहीं मानी जाएगी। इसे 'अतिक्रमण' या 'अवैध प्रवेश' का दर्जा दिया जाएगा। ट्रेस पारस अभियान सिर्फ जागरूकता फैलाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सख्त कानूनी कार्रवाई भी करेगा। रेलवे ट्रैक पार करते पकड़े जाने पर एक हजार रुपये तक का जुर्माना या छह महीने की कैद की सजा हो सकती है। चुनार हादसा के बाद एनसीआर ने उठाया यह सख्त कदम उठाया है। हर बड़े रेलवे स्टेशन पर सतर्कता बढ़ाने व जागरुकता का निर्देश दिए गए हैं।



महेंद्रगढ़। रेलवे स्टेशन महेंद्रगढ़। फोटो : हरिभूमि

### रेलवे स्टेशनों पर अभियान चलाए जाएंगे

एसडीएम कनिका गोयल ने बताया कि रेलवे स्टेशनों पर पोस्टर, अनाउंसमेंट और लोकल भाषाओं में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। स्कूलों, गांवों और बाजारों में जाकर लोगों को समझाया जाएगा कि फुट ओवरब्रिज या अंडरपास का इस्तेमाल क्यों जरूरी है। ट्रेन की स्पीड 100-130 किलोमीटर प्रति घंटा होती है और लोकोपायलट को रुकने में सैकड़ों मीटर लग जाते हैं। ऐसे में ट्रैक पर कोई दिखे तो बचाना नामुमकिन है। एसडीएम ने बताया कि यह अभियान एक साथ पूरे जोन में चलेगा। निर्देश जारी कर दिए गए हैं। हमारी कोशिश है कि ऐसी दुर्घटनाएं दोबारा न हों। लोग समझें कि ट्रैक पार करना उनकी जान जोखिम में डालता है।

### जुर्माना और जेल दोनों की सजा का प्रविधान

रेलवे एक्ट की धारा 147 के तहत रेलवे ट्रैक पार करना अपराध है, जिसमें जुर्माना और जेल दोनों की सजा का प्रावधान है। सबसे पहले उन खास स्थानों की पहचान की जाएगी जहां लोग सबसे ज्यादा ट्रैक पार करते हैं। जैसे किसी प्लेटफार्म, स्टेशन के पास, गांवों के किनारे या व्यस्त इलाकों में। इन जगहों पर आरपीएफ नजर रखेगी, सीसीटीवी कैमरों का भी इस्तेमाल होगा। पकड़े गए लोगों को मौके पर ही चालान काटा जाएगा। एक हजार रुपये का जुर्माना भरना पड़ेगा, और अगर कोई बार-बार पकड़ा गया तो कोर्ट के जरिए छह महीने की सजा भी हो सकती है।


नारनौल। प्रभात फेरी निकालते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## प्रभात फेरी में राधे नाम के संकीर्तन से गूंज उठा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

■ पिछले तीन वर्षों से प्रति रविवार निकाली जा रही प्रभात फेरी

राधे नाम की अलग जगाने वाली संस्था राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन के तत्वावधान में रविवार को 151वीं भव्य प्रभात फेरी का किया गया। प्रभात फेरी का शुभारंभ प्रातः महावीर चौक से हुआ। यजमान वीके संघी व रानी संघी ने ठाकुर जी की विधिवत पूजा अर्चना कर इस पावन यात्रा का प्रारंभ किया। प्रभात बेला में जब छोटे छोटे बच्चों के हाथों में विराजमान ठाकुर जी सुशोभित दिखाई दिए। यजमान के निवास स्थान से प्रारंभ हुई प्रभात फेरी महेंद्रगढ़ रोड, कर्मचारी कॉलोनी, यादव धर्मशाला, बस स्टैंड रोड होते हुए पुनः महावीर चौक पहुंची। इस दौरान पूरा शहर बरसाना व वृंदावन की आध्यात्मिक छटा से सराबोर नजर आया। सर्दी में भी भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था, मानो सभी अपनी आत्मा से ठाकुर जी का स्मरण कर रहे हो। पिछले तीन वर्षों से प्रति रविवार निकाली जा रही यह प्रभात फेरी अब शहर की धार्मिक पहचान बन चुकी है। आज की 151वीं प्रभात फेरी में महिलाओं ने नृत्य कर ठाकुर जी को रिझाया। यजमान को संस्था की ओर से श्रीमद्भगवत गीता भेंट की गई। सनातन धर्म के जयकारों के साथ प्रसाद वितरित किया गया।

## एसपीजी स्कूल की छात्राओं ने फिर लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

जिला स्तरीय किड्स खेलकूद प्रतियोगिता में एसपीजी स्कूल डुलाना की छात्राओं ने इस बार फिर से मेडल प्राप्त कर अपना और स्कूल का नाम रोशन किया है।

राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रही खेल प्रतियोगिता में अवनी पुत्री अश्वनी ने जैवलिन थ्रो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ पलक पुत्री शक्ति सिंह ने 60 मी. रेस में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या सरिता राव ने कहा कि दोनों ही छात्राओं ने अपने स्कूल गांव व अपने माता-पिता का नाम रोशन करने का कार्य किया है। सीईओ रोहित राव ने अपनी एसपीजी टीम के साथ घर जाकर उनके माता-पिता को बधाई दी व मिठाई खिलाकर उनका हौसला बढ़ाया।



महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## जेजेपी के 8वें स्थापना दिवस पर जींद में ऐतिहासिक रैली

■ महेंद्रगढ़ से हजारों कार्यकर्ताओं ने दिखाई ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जननायक जनता पार्टी के आठवें स्थापना दिवस के अवसर पर जींद जिले के जुलाना स्थित पावन धरा पांडू पिंडारा में आयोजित भव्य रैली में महेंद्रगढ़ जिले से लगभग छह हजार कार्यकर्ता जिला प्रभारी राकेश जाखड़ व जिला प्रधान राजकुमार खातोद के नेतृत्व में ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुनों के साथ पहुंचे। जिला प्रवक्ता विजय छिलरो ने बताया कि पार्टी स्थापना दिवस पर आयोजित यह रैली भीड़ के लिहाज से अपने आप में एक नया रिकॉर्ड बनाकर हरियाणा की अब तक की रैलियों के सारे रिकॉर्ड तोड़ गई। रैली में महिलाओं की अभूतपूर्व भागीदारी देखने को मिली। महिला जिला प्रधान सोनिया धनखड़ के नेतृत्व में हजारों महिलाएं गीत गाती हुई उत्साह के साथ रैली स्थल पर पहुंची। वहीं युवा जिला प्रभारी विष्णु डाबड़, युवा जिला प्रधान, जिला पार्षद सचिन चौधरी के नेतृत्व में आए हजारों युवाओं ने रैली स्थल पर वालंटियर की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यकर्ताओं को चारों हलकों से भारी संख्या में रैली स्थल तक पहुंचाने में मास्टर हरचंद तोबड़ा, सिकंदर गहली, अशोक सैनी, दिनेश राजपूत, बेदू राता, कंवर सिंह नंबरदार, विजयपाल अधिवक्ता, जिला प्रवक्ता विजय छिलरो, चनसुख तोताहेड़ी, अजय चौधरी अधिवक्ता, महेंद्र खन्ना, राजकुमार जांगड़ा, कुलदीप जांगड़ा, महिला नेत्री शारदा खन्ना, वीरेंद्र घटाशेर का विशेष सहयोग रहा। सभी नेताओं ने महेंद्रगढ़ से पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। रैली स्थल पर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और पुराना जोश देखने को मिला। नेताओं ने भी भारी भीड़ देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।


नारनौल। रैली में भाग लेने के लिए रवाना होते जेजेपी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि


महेंद्रगढ़। शिविर में मौजूद चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

## समय-समय पर दांतों की जांच जरूर करवाएं

■ दंत स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित

**महेंद्रगढ़।** मौदाश्रम मंदिर के सामने मौहल्ला जवाहरनगर में स्थित श्री ओम साईंराम एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में दंत स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर के दौरान एसबीआई बैंक के सामने रेलवे रोड पर स्थित रिवाइव दांतों के अस्पताल की सीनियर डॉ. सारा प्रिया एवं उनकी टीम ने पहुंचकर पीटीएम में आए विद्यालय के सभी बच्चों की दंत स्वास्थ्य जांच करके उन्हें उचित परामर्श भी दिया। रिवाइव दांतों के अस्पताल की सीनियर डॉ. सारा प्रिया ने बताया कि इसके अतिरिक्त हमारे पास डिजिटल एक्स-रे, रूप केनाल इलाज, आर्थोडांटिक इलाज, दंत प्रत्यारोपण आदि की विशेष सुविधाएं हैं। चेयरपर्सन निशा सैनी एवं डॉ. सारा प्रिया की टीम ने बच्चों को दांतों के रखरखाव के लिए दिन में दो बार फ्लोराइड टूथपेस्ट से ब्रश करना, रोजाना फ्लास करना, मीठे और अम्लीय खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित रूप से करना और समय-समय पर दांतों की जांच करवाने के बारे में बताया। इस अवसर पर प्राचार्या ज्योति शर्मा, बचपन हेड रूपाली अरोड़ा, उप प्राचार्या मोनिका दीवान, प्रवक्ता अमरसिंह सोनी, पूनम गोस्वामी उपस्थित रही।

### अग्रवाल वैश्य समाज ने सौभाग्य गुप्ता को विस अध्यक्ष किया नियुक्त

**महेंद्रगढ़।** अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने महेंद्रगढ़ विधानसभा प्रधान के पद पर सौभाग्य कुमार गुप्ता को मनोनीत किया है। इसके साथ ही महेंद्रगढ़ विधानसभा के गठन एवं दायित्व सौंपने के लिए भी अधिकृत किया गया है। नवनियुक्त प्रधान सौभाग्य गुप्ता ने प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, जिला अध्यक्ष संदीप नूनीवाला, प्रदेश युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि गर्ग उर्फ मोनू भाटा एवं प्रदेश महासचिव बलराम गुप्ता, प्रदेश सह सचिव मुकेश बंसल का आभार जताया है। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने विश्वास दिलाया कि संगठन की तरफ से उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उनका वे ईमानदारी व निष्ठा से निर्वाह करेंगे। महेंद्रगढ़ विधानसभा के प्रधान मनोनित होने पर अशोक बुचावासिया, विनय केडीवाला, वेदप्रकाश बॉबी, गौरव, प्रमोद गोरा, संजीव जैरपुरिया, मनीष, प्रवीन विमबेदी, प्रवीन तायल, दिनेश गोयल, गोपाल मेहता, चन्द्रकांत,


सौभाग्य गुप्ता।

### यदुवंशी में सीबीएसई प्रशिक्षण कार्यक्रम


नारनौल। कार्यशाला में भाग लेने आए अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** नई शिक्षा नीति के व सीबीएसई के मार्ग दर्शन में यदुवंशी शिक्षा निकेतन में एक दिवसीय उन्नत जीवन कौशल पर प्रभावी प्रशिक्षण सीबीएसई की ओर से नियुक्त रिसोर्सपर्सन रेखा यादव व पूनम शर्मा की देखरेख में किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से अध्यापकों को आज के तनावपूर्ण माहौल से विद्यार्थियों को कैसे बाहर निकला जाए, इस विषय के बारे अवगत कराया। विद्यालय के प्राचार्य नरेश कुमार ने दोनों रिसोर्सपर्सन का आभार व्यक्त किया। विद्यालय की निदेशिका सुरेश यादव ने दोनों रिसोर्सपर्सन का अभिनन्दन करते हुए बताया कि ऐसे प्रशिक्षण अध्यपकों की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाते हैं। विद्यालय के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सफल प्रशिक्षण आयोजन पर सभी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## संसद को देखने पर लोकतंत्र की कार्यप्रणाली की आई समझः भारद्वाज

■ नई तकनीकी सुविधाओं का भी अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सामाजिक कार्यकर्ता विनय भारद्वाज और उनके सहयोगी धर्मेन्द्र भारद्वाज ने हाल ही में नई दिल्ली स्थित संसद भवन का भ्रमण किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य भारत के लोकतंत्र की कार्यप्रणाली व उसकी ऐतिहासिक विरासत को नजदीक से समझना था। संसद पहुंचे दोनों समाजसेवकों ने लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही को व्यक्तिगत रूप से देखा। उन्होंने इस दौरान संसदीय प्रक्रिया की बारीकियों और महत्वपूर्ण जानकारियों को जाना। भ्रमण में संसद भवन की ऐतिहासिक विरासत, उसकी सुरक्षा व्यवस्था, और उसमें शामिल की गई नई तकनीकी सुविधाओं का भी अवलोकन किया गया। यह अनुभव दोनों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा। विनय भारद्वाज ने इस अनुभव को अत्यंत प्रेरणादायक बताया। उनका संदेश था कि संसद को करीब से देखने से ही लोकतंत्र की वास्तविक कार्यप्रणाली और देश के कानून निर्माण की प्रक्रिया को सही मायने में समझा जा सकता है। यह भ्रमण नागरिकों को देश की शासन व्यवस्था के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह घटना दर्शाती है कि आम नागरिकों और समाजसेवकों का संसद से सीधा जुड़ाव होना कितना जरूरी है। मनोरंजक स्थलों के साथ-साथ देश के प्रमुख स्थानों पर भी जाए, ताकि देशप्रेम की भावना ओर मजबूत हो।


महेंद्रगढ़। संसद का भ्रमण करते हुए।

### दिल्ली-रेवाड़ी पैसेंजर को सादुलपुर के रास्ते हिसार तक विस्तारित करने की मांग

**सतनाली मंडी।** लगभग हर रोज अत्यधिक विलंब से चल रही गाड़ी संख्या 54309/54310 दिल्लीहिसार पैसेंजर के स्थान पर गाड़ी संख्या 54413/54414 दिल्ली-रेवाड़ी पैसेंजर का विस्तार रेवाड़ी से सादुलपुर के रास्ते हिसार तक विस्तार किए जाने की मांग को लेकर सतनाली रेल सेवा समिति के नेतृत्व में महाप्रबंधक के नाम सतनाली स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। सतनाली रेल सेवा समिति प्रधान दीवान सिंह शेखावत एवं मार्केट कमेटी चेयरमैन भागीरथ सिंह शेखावत ने संयुक्त नेतृत्व में जीएम जयपुर के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया कि गाड़ी संख्या 54309/54310 दिल्ली-हिसार पैसेंजर वर्तमान में अत्यधिक विलंब से चल रही है तथा अपने गंतव्य तक पहुंचने में लगभग दोगुना समय ले रही है। इसके कारण यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन के पश्चात इस पैसेंजर ट्रेन का समय और भी प्रतिकूल हो गया है। जिससे यात्रियों की संख्या में कमी आई है और सेवा का उपयोग घट गया है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग पर एक समयबद्ध और सुगम ट्रेन की आवश्यकता अनुभव की जा रही है।


सतनाली मंडी। स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि


महेंद्रगढ़। दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

■ जीवन में हार से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि हर असफलता को एक नए प्रयास की प्रेरणा बनाना चाहिए : डॉ . आरएन यादव

श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा में दो दिवसीय प्रतिभा पर्व वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया है, जिसमें कक्षा तीसरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल प्रशिक्षक अंकित, अशोक, अमित व संयोजक सुशीला यादव, स्मृति शर्मा ने बताया कि विद्यालय में 5 व 6 दिसंबर को दो दिवसीय प्रतिभा पर्व वार्षिक उत्सव प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें मुख्यातिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता डॉ. आरएन यादव, विशिष्ट अतिथि चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव व सीईओ कर्मवीर राव तथा अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुमेर सिंह यादव द्वारा की गई। अतिथियों ने ध्वजारोहण कर सलामी ली। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना की गई। प्रतियोगिता के वालीबॉल मुकाबले में चंद्रशेखर आजाद हाउस विजेता रहा, वहीं कबड्डी के खेलों में 12वीं कक्षा की टीम विजेता व 10वीं कक्षा की टीम उप विजेता रही। लोंग जंप में अंडर-14 आयुवर्ग में 4.3 फीट के साथ विशाल प्रथम स्थान पर रहा। अंडर-17 आयुवर्ग में 5.1 फीट के साथ पार्थ प्रथम स्थान पर रहा। लड़कों की 100 मी. दौड़ में पार्थ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं 100 मी. लड़कियों की दौड़ में दीपिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता डा. आरएन यादव ने कहा कि खेल हमें सिखाते हैं कि जीवन में हार से घबराना नहीं चाहिए। मुख्यातिथि डॉ. आरएन यादव ने विजेताओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### नपा के पूर्व प्रधान के निधन पर जताया शोक

**कनीना।** नगर पालिका के पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह लोढ़ा के निधन पर क्षेत्र के गणमान्यजनों ने शोक जताया है। कनीना स्थित उनके आवास पर रविवार को शोक जताने वालों का तांता लगा रहा। एडवोकेट जेपी यादव ने बताया कि पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह लोढ़ा का हाल ही में घटित सड़क हादसे में निधन हो गया था। वे अपने सहयोगी दीपक के साथ कनीना से डूंगरवास गांव में आयोजित शादी समारोह में हिस्सा लेने जा रहे थे। रेवाड़ी के बालाजी मार्केट के समीप पहुंचे तो सामने से आ रही बस ने उनकी कार को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में राजेंद्र सिंह लोढ़ा गंभीर रूप से घायल हो गए थे, वहीं चालक दीपक को भी चौटें आई थी। राजेंद्र सिंह लोढ़ा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था, जबकि दीपक का उपचार जारी है।

**सम्मान** मेधावी छात्र छात्राओं को शाल व स्मृति चिन्ह प्रदान किए

# स्वास्थ्य मंत्री के नेतृत्व में अटेली विकास की राह परः विकास यादव

गांव गोमली में महिला सम्मान दिवस मनाया और कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव गोमली में रविवार को महिला सम्मान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अटेली के पूर्व चेयरमैन विकास यादव अटेली द्वारा की गई। इस मौके पर सतीश कुमार डीएसपी चंदपुरा, रामसिंह सरपंच गोमला, जितेंद्र मास्टर भीलवाड़ा ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन विकास यादव एवं सतीश कुमार डीएसपी ने बताया कि स्वास्थ्य आरती सिंह राव के नेतृत्व में अटेली क्षेत्र की तस्वीर लगातार बदल रही है, जो विकास कार्य वर्षों से लंबित थे, उनकी दोबारा से शुरुवात कर दी गई है, जिनमें से एक प्रमुख कार्य अटेली राजकीय महाविद्यालय में 4.52 करोड़ की लागत से मल्टीपर्पज हॉल के निर्माण हेतु टेंडर आमंत्रित किए गए हैं, जो कि आने वाले समय में क्षेत्र के युवाओं के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होंगे।


मंडी अटेली। गोमली में महिला सम्मान दिवस पर संबोधित करते पूर्व चेयरमैन विकास यादव। फोटो : हरिभूमि

### महिलाओं को शाल वितरित किए

हाल ही में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयास से अटेली मंडी के सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा प्रदान की गई थी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद अटेली मंडी के सरकारी अस्पताल में प्रथम सिजेरियन से डिलीवरी हुई। उनके दादा पूर्व मुख्यमंत्री राव वीरेंद्र सिंह और अपने पिता केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के नक्शे कदम पर चलते हुए दिन रात एक करके इलाके के चहुंमुखी विकास के लिए पूर्णत प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि सुरेश शास्त्री, सरपंच उर्मिला देवी ने महिलाओं को शाल वितरित किए तथा मेधावी छात्र छात्राओं को शाल व स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

जाटूसाना। शनिवार की रात मिल्क प्लांट के पास कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। रात को एक बाइक पर सवार दो युवक रोहड़ाई की ओर जा रहे थे। मिल्क प्लांट के पास एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। दोनों युवक जाटूसाना के ही बताए जा रहे हैं। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने कार चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### महिला से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

बावल। पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव में महिला से छेड़छाड़ करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला ने पुलिस को दर्ज शिकायत में अपने ही गांव के एक युवक पर घर में घुसकर उसके साथ मारपीट व छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने 4 अगस्त को उसके खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोपी केस दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### तीन साल बाद पीओ को किया गिरफ्तार

रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने फरार चल रहे एक पीओ को करीब साढ़े तीन साल बाद काबू किया है। कोर्ट ने एक मामले में भिवानी को कोहाड़ निवासी रामअवतार को पीओ घोषित कर दिया था। कोर्ट ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 22 मई 2022 को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। तभी से वह पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश कर दिया।

### अपहरण मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। सिटी पुलिस ने महिला का अपहरण के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस ने गत 3 दिसंबर को यूपी के तार्क परौली निवासी किशनपाल के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया था। उस पर एक महिला को भगा ले जाने का आरोप है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### यादव सभा के निःशुल्क कैंप में 125 की हुई जांच

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविरआयोजित किया गया। कैंप में 125 मरीजों की स्वास्थ्य जांच करके फ्री दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में डा. शिवरतन यादव ने मेडिसन, डा. अनिल यादव ने हड्डी रोग, डा. पवन यादव ने न्यूरो सर्जरी, डा. विदुला यादव ने नेत्र रोग, डा. अजीत यादव ने बाल रोग, डा. मनीष यादव ने ईएनटी व डा. अनिल यादव ने दंत रोग के रोगियों को ओपीडी सेवाएं प्रदान की। कैंप के आयोजन में सभा के प्रधान रामबीर यादव, जसवंत सिंह, शशिभूषण, अमर सिंह, राम सिंह, प्रो. सतश यादव, सुरेंद्र सिंह व अशोक ने सहयोग दिया।

## कृषि क्षेत्र में भी बढ़ रही बिजली की मांग, दिसंबर के अंत तक और वृद्धि के आसार

# ठंड के साथ बढ़ी बिजली की खपत, बरसात की अभी संभावना नहीं, किसान कर रहे बेसब्री से इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिसंबर माह का पहला सप्ताह बीत जाने के बाद भी मौसम में बदलाव नहीं आया है। दो दिन तक आसमान में बादल और बूंदाबांदी की संभावनाओं पर पानी फिर चुका है। इस समय किसानों को फसल सिंचाई के लिए बिजली की ज्यादा दरकार है। ठंड के साथ बिजली की मांग बढ़कर 75 लाख यूनिट तक पहुंच गई है, जिसके अगले सप्ताह तक और बढ़ने के आसार हैं। कड़ाके की ठंड में उपभोक्ताओं को पीक अवर्स में पावर कटों का सामना भी करना पड़ सकता है। रविवार को शाम के समय मौसम में अचानक बदलाव आ गया। आसमान में बादल छाने के बाद ठंड का प्रकोप बढ़ने के आसार बन गए।

मौसम विभाग की ओर से अनुमान लगाया गया था कि गत शनिवार से दो दिन तक मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना जताई जा रही थी। दोनों दिन मौसम साफ बना रहा। रविवार को सुबह से ही आसमान साफ रहने के कारण तेज धूप निकली, जिससे दिन के समय गर्मी का असर काफी कम हो गया। अभी तक आसमान साफ रहने के कारण सुबह और शाम के समय ही ठंड का असर ज्यादा देखने को मिल रहा है। तेज धूप दोपहर तक ठंड के प्रभाव को काफी हद तक कम कर देती है। दिसंबर माह का पहला सप्ताह भी सूखा ही निकल गया है। बादल तक नहीं छाने से इस बार कोहरा अभी तक शुरू नहीं हुआ है। हवा में नमी का स्तर भी कम होकर 50 प्रतिशत तक आ गया है, जिससे सुबह के समय ओस भी नहीं गिर रही है। रविवार को अधिकतम तापमान 25.5 और न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार एक सप्ताह के अंत तक मौसम साफ बना रह सकता है। सप्ताह के अंत में मौसम में बदलाव आ सकता है।




रेवाड़ी। गेहूं की सिंचाई के लिए खेत में चल रहे फव्वारे तथा रविवार शाम को आसमान में छाए बरसात के बादल। फोटो : हरिभूमि

### धूप निकलने से प्रदूषण का खतरा कम

*आसमान साफ रहने और तेज धूप निकलने के बाद दोपहर तक प्रदूषण का स्तर कम हो जाता है। प्रदूषण के कारक धूल और धुआं के कण हल्के होकर वायुमंडल में ऊपर तक चले जाते हैं। इससे एक्यूआई में कमी आ जाती है। रात के समय ठंड व हवा में नमी के कारण सुबह के समय प्रदूषण ज्यादा देखने को मिल रहा है। धूल और धुएं की परत जमीन के आसपास बनी रहती है, जिससे लोगों को प्रदूषण का सामना करना पड़ता है। रविवार को सुबह के समय धारूहेड़ा का एक्यूआई 275 के आसपास बना रहा, जो दोपहर बाद कम होकर 190 तक आ गया। बारिश होने की सूरत में प्रदूषण साफ होकर लोगों को राहत दे सकता है।*

इसके बाद आसमान में बादल छाने और बूंदाबांदी होने की संभावना जताई जा रही है। दिन के तापमान में भी तेज धूप के चलते अभी ज्यादा गिरावट आने की संभावना नहीं है, जिससे कड़ाके की ठंड का असर रात के समय ही ज्यादा रह सकता है। रविवार को शाम के समय अचानक बादल छाने से बूंदाबांदी और ठंड बढ़ने की संभावना नजर आने लगी।

### किसानों की नजरें आसमान की ओर

*मौसम अभी तक सरसों और गेहूं की फसलों के लिए अनुकूल बना हुआ है। समय से पहले ठंड शुरू होने के कारण दोनों फसलों का तेजी से विकास हो रहा है। इन फसलों को इस समय सिंचाई की ज्यादा जरूरत है। दोनों फसलों की सिंचाई नलकूपों से करना किसानों के लिए मुश्किल बना हुआ है। कृषि क्षेत्र में बिजली की मांग बढ़ चुकी है, जिससे पीक अवर्स में पावर कट भी लगने शुरू हो गए हैं। बिजली की दैनिक खपत 75 लाख यूनिट के करीब पहुंच चुकी है। दिन के समय ठंड का असर बढ़ने के बाद यह 90 लाख से 1 करोड़ यूनिट तक पहुंच सकती है। इस दौरान पावर कटों का सामना भी करना पड़ सकता है। इस समय अगर बारिश होती है, तो इससे किसानों को बड़ी राहत मिल सकती है।*

### बिजली के उपकरणों का यूज कम



*दिन के समय तेज धूप निकलने के कारण अभी बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल ज्यादा नहीं हो रहा है। लोगों को हीटर या रूम हीटर चलाने की अभी आवश्यकता महसूस नहीं हो रही। मौसम में बदलाव के बाद अगर बादल छाते हैं या कोहरा गिरना शुरू होता है, तो इससे बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ जाएगा। इसके बाद बिजली की मांग पीक की ओर बढ़नी शुरू हो जाएगी। एचवीपीएन के एक्सईएन संजय यादव ने बताया कि इस समय सिर्फ कृषि क्षेत्र में बिजली का लोड बढ़ा है। कड़ाके की ठंड के समय ही घरेलू बिजली की मांग ज्यादा बढ़ेगी।*



रेवाड़ी। डा. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### शहर की प्रमुख मांगों को लेकर आज ज्ञापन सौंपेगा डा. बीआर अंबेडकर मंच

रेवाड़ी। डा. भीमराव अम्बेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता श्योकरण मेहरा ने की। कार्यक्रम में अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रोहताश सिंह वाल्मीकि नगर पार्षद व जिला अध्यक्ष भाजपा एससी मोर्चा ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए तथा उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष राधेश्याम मितल ने अन्य पदाधिकारियों के साथ डा. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डा. बीआर अंबेडकर मंच की ओर से शहर की प्रमुख मांगों को लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया तथा 8 दिसंबर को जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर आशीष कुमार, नरेश सिंह कांगड़ा, रत्न सिंह बोहोत, शिवचरण, कैलाश चंद्र, राजेन्द्र सिंह जलवा, रामप्रसाद करनावास, महेश यादव, बुधराम, कप्तान रत्न सिंह, ओम प्रकाश चावरिया, जगदीश प्रसाद डहीनवाल, राजकुमार यादव, नरेंद्र जोशी व लवीश संगवईया मौजूद थे।

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला इकाई की ओर से रविवार को ब्रास मार्केट में ग्राहक मार्गदर्शन केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जयप्रकाश राव मेंबर परमानेंट लोक अदालत ने कहा कि पब्लिक यूटिलिटी बोर्ड सरकारी सेवाओं से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कार्यरत है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

- ब्रास मार्केट में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला ईकाई के ग्राहक मार्गदर्शन केंद्र का हुआ शुभारंभ

विशिष्ट अतिथि संजय डाटा जिला अध्यक्ष लघु उद्योग भारती एवं मेंबर लेबर वेलफेयर बोर्ड हरियाणा ने ग्राहकों की समस्याओं के निराकरण के लिए शुरू किए गए मार्गदर्शन केंद्र की पहल को सराहा। उन्होंने कहा कि यह केंद्र समाज में एक जागरूक एवं सजग ग्राहक तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस मौके पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांतीय अध्यक्ष डा. आरबी यादव ने संगठन के उद्देश्यों, लक्ष्य एवं ग्राहक मार्गदर्शन केंद्र की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि ग्राहक केंद्र पर अलग-अलग व्यवसायों से जुड़ी एक विशेष टीम हर रविवार 11 से 1 बजे तक उपस्थित रहेगी। उन्होंने लोगों को शिकायत दर्ज कराने के लिए टोल-फ्री नंबर भी दिया।



#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में रामकिशोर, रमेश सचदेवा, धीरज कुमार, अनिल कुमार, राकेश यादव, अजय यादव, सीएल सोनी, अरुण गुप्ता, आरएस गुप्ता, सुरेश कुमार, कैलाश सिंह, मुकेश कुमार, पवन कुमार, दिनेश, तरुण, अमित सैनी, हेमंत अग्रवाल, सीए जतिन सैनी, सीए जीतेश अग्रवाल, रोहित, विवेक, प्रमोद कुमार, ओमप्रकाश, संजय, दीपक सिंह, योगेश, दिनेश टीट भाजपा जिला सचिव, नवीन, कमलजीत व सुरेश सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।

न्यूज डायरी

### नशा मुक्ति को लेकर बाबा मुक्तेश्वरपुरी मठ में सौ कुंडीय यज्ञ का आयोजन



कोसली। कोसली के आरआरएन डीएवी पब्लिक स्कूल की ओर से रविवार को बाबा मुक्तेश्वरपुरी मठ परिसर में नशा मुक्ति को लेकर सौ कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मठाधीश शिवपुरी महाराज, एसएचओ मनोज कुमार व ग्रामीण क्षेत्रिय एजूकेशन सोसायटी के संजय यादव सहित प्राचार्य सुनील कुमार उपस्थित थे कार्यक्रम में बच्चों सहित अभिभावकों ने भी भाग लिया। बच्चों ने विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन में आहुतियां डाली। मुख्य अतिथि मनोज कुमार नशा मुक्ति के खिलाफ स्कूल के प्रयास की सराहना की। विद्यार्थियों की ओर से नशा मुक्ति को लेकर रैली का आयोजन कर नशामुक्ति का संदेश भी दिया।

### रक्त की एक-एक बूंद जरूरतमंद व्यक्ति के लिए जीवनदायी संजीवनी के समान : विजय




कोसली। नठेड़ा गांव के शिव मंदिर परिसर में रविवार को विजय एकता मंच ने राष्ट्रीय कैंसर संस्थान बाढ़सा झज्जर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 58 यूनिट रक्त एकत्रित किया। संस्था के विजय गुड़ियानी ने रक्तदाताओं व एम्स की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदाताओं द्वारा दान किए गए रक्त की एक-एक बूंद किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए जीवनदायी संजीवनी के समान है। रक्तदान न केवल दूसरों का जीवन बचाने का श्रेष्ठ कार्य है, बल्कि रक्त दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। एक यूनिट रक्त से तीन लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। इस अवसर पर मनोज सरपंच, सुनील कुमार, नरेश कुमार, सुनील बोस और अजय कुमार सहित गांव के गणमान्य लोग मौजूद थे।

### डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में नशा मुक्त समाज बनाने के लिए हवन का आयोजन




रेवाड़ी। दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में 31 कुंडीय हवन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज और राष्ट्र को नशा मुक्त बनाना था। इस पहल की थीम नो नशा नेशन रही, जिसमें युवाओं और समाज को नशे के खतरों से जागरूक करने के साथ एक स्वस्थ भविष्य की दिशा के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी डा. रविंद्र सिंह व पुलिस लाइन थाना प्रभारी सरिता थे। अतिथियों ने शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ नशा मुक्ति के महत्व पर विचार साझा किए। हवन कार्यक्रम ऊषा आर्या ने सम्पन्न कराया। प्रधानाचार्य जॉय बैनर्जी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों और समाज के लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

### पूर्व प्राचार्य ने विद्यार्थियों को वितरित किए स्वेटर



रेवाड़ी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसाका में विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व प्राचार्या सुधा जैन ने अपने जन्मदिन के अवसर पर जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर और जूते वितरित किए। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने और अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्राचार्य सतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य सुमेर सिंह ने भी विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस मौके पर विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# ओपीडी व एमबीबीएस कक्षाएं शुरू करने को लेकर सौंपेंगे ज्ञापन

## एम्स संघर्ष समिति का प्रदर्शन 10 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

रविवार को एम्स संघर्ष समिति की बैठक कैलाश चंद प्रधान एम्स संघर्ष समिति की अध्यक्षता में उप तहसील मनेठी में आयोजित की गई। बैठक में जिसमें दूर-दराज क्षेत्र से सैकड़ों पुरुषों व महिलाओं ने भाग लिया। इस मौके पर समिति के वक्ताओं ने माजरा एम्स को एनएच-11 से जोड़ने वाले ओवरब्रिज निर्माण के लिए बजट जारी करने पर हरियाणा सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि ओवरब्रिज की साइट प्लान बनाकर तुरंत टेंडर जारी करके निर्माण कार्य शुरू किया जाए ताकि लोगों को एम्स में आने जाने की सुविधा प्राप्त हो सकें। समिति के वक्ताओं ने स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार से माजरा एम्स में देश में अन्य 11 निमार्णाधीन एम्स की भांति ओपीडी व एमबीबीएस कक्षाएं शुरू कराने की भी मांग की। समिति की ओर से मीटिंग में निर्णय लिया गया कि माजरा एम्स में ओपीडी व एमबीबीएस कक्षाएं शुरू कराने की भी मांग को लेकर 10 दिसंबर को दोपहर 1 बजे प्रदर्शन करके जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा व स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।



रेवाड़ी। एम्स संघर्ष समिति की बैठक में मौजूद पदाधिकारी व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

#### इन्होंने रखे विचार, ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कॉमरेड राजेन्द्र सिंह, मास्टर लक्ष्मण सिंह, जितेन्द्र कुमार शर्मा रिटायर्ड हेडमास्टर, कर्नल राजेन्द्र सिंह, डा. एच डी यादव, अमर सिंह राजपुरा, रिटायर्ड डीईओ धर्मवीर बल्डोदिया, कॉमरेड मूलचन्द आर्य, बीडी यादव, किसान नेता रामकुमार निमोठ, बीरेंद्र सिंह पूर्व सरपंच बलवाड़ी व प्रकाश नंबरदार अहरोद ने अपने विचार रखे। मंच संचालन समिति के सचिव ओमप्रकाश सैन ने किया। बैठक में सांवल सिंह माजरा, कृष्ण ठेकेदार, राजकुमार, सत्प्रकाश गोयल, महावीर पंच, दलबीर पंच, महेंद्र सिंह, देशराज, धर्मवीर, कंवल सिंह, बलवंत, पंच सतनारायण नांगल, कंवर सिंह आर्य माजरा, रामेश्वर पाली, राजरानी नंबरदार, अनीता शर्मा, मुन्नी देवी व उमेद बाई सहित अनेक लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। खेल उत्सव में अतिथियों व शिक्षकों के साथ छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### जैन गर्ल्स स्कूल में बेटी शक्ति खेल महोत्सव का आयोजन, छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

रेवाड़ी। जैन गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में रविवार को बेटी शक्ति खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। खेल उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में अरुण कुमार जैन, जैन एजुकेशन बोर्ड के प्रधान मोहित जैन, जैन समाज प्रधान महेन्द्र जैन व भगवान महावीर विद्यापीठ के प्रधान मोहित जैन ने शिरकत की, जबकि उपप्रधान जैन एजुकेशन बोर्ड राजकुमार जैन, सचिव नितिन जैन, सह सचिव सतीश जैन, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र जैन, स्कूल के प्रबंधक विनय जैन, कोषाध्यक्ष मनोज जैन जैन गर्ल्स स्कूल, कोषाध्यक्ष अमित जैन जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल, प्रबंधक संजीव कुमार जैन प्राइमरी स्कूल व कोषाध्यक्ष अंकित जैन विशिष्ट अतिथि थे। स्कूल की हैड गर्ल व हाउस कैप्टन ने अतिथियों का तिलक व बैच लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत में छात्राओं के मार्च पास्ट से की गई। सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना की शपथ ली। खेल उत्सव में स्टेंडिंग जंप, बैक रेस, लेमन रेस, बुक रेस, 100 मीटर रेस, थ्री लेग रेस, 200 मीटर रेस, रिले रेस, रस्साकसी व योगा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निर्मला यादव पीटीआई व अरुण कुमार पीटीआई का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन रिया ने किया। प्रधानाचार्या सुनीता पारीक ने विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। सभी मुकाबलों में आर्यिका गणिनी ज्ञानमती माता विजेता रही। मुख्य अतिथि, कार्यकारिणी समिति एवं प्रधानाचार्या ने विजेता प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



### बुड़ौली में पदक विजेता खिलाड़ियों का हुआ स्वागत

रेवाड़ी। जगाधरी में आयोजित सातवीं हरियाणा स्टेट मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 45 से अधिक आयु वर्ग में गांव बुड़ौली के राजपाल गोस्वामी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100, 200 और 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर गांव और जिले का नाम रोशन किया है। वहीं रुड़की में आयोजित हॉफ मैराथन में 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में कृष्ण रोहिला ने 1 घंटा 24 मिनट में दौड़ सम्पन्न करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। रविवार को दोनों खिलाड़ियों का गांव बुडौली पहुंचने पर शहीद भगत सिंह खेल स्टेडियम में स्वागत किया गया। राजपाल गोस्वामी और कृष्ण रोहिल्ला इससे पहले भी मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अनेक मेडल जीत चुके हैं। इस मौके पर गोस्वामी ने युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और लगन से किसी भी लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर विजय प्रधान, डीपीई अनिल प्रधान, एसडीओ अमित सोनी, पवन सोनी, मोनू रोहिल्ला, सोनू सोनी, मास्टर जितेंद्र सैन, मास्टर महेंद्र, देशु गोस्वामी व पवन जांगड़ा सहित अनेक गणमान्य मौजूद थे।

# दयालु-2 स्कीम के तहत मिलेगी आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा सरकार ने किसी भी दुर्घटना में घायल या मरने वाले के परिजनों के लिए पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए दयालु-2 नाम से योजना शुरू की हुई है। यह योजना हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास के तत्वावधान में संचालित की जा रही है। योजना के लिए डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एक कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र मीणा, तीनों उपमंडलों के एसडीएम, आरटीए सचिव व सीएमओ के एक प्रतिनिधि को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है और जिला सांख्यिकी अधिकारी डा. देवीदास को इसका सदस्य सचिव बनाया गया है। डीसी ने कहा कि किसी दुर्घटना, आवारा या पालतू पशु की टक्कर से किसी नागरिक की मृत्यु हो जाती है या वह गंभीर रूप से घायल हो जाता है तो 12 साल तक की आयु के पीड़ितों को एक लाख रुपये, 12 से 18 साल तक की आयु के पीड़ित को दो लाख रुपये, 18 से 25 वर्ष तक की आयु के व्यक्ति को तीन लाख रुपये, 25 से 45 साल की आयु के पीड़ित को पांच लाख रुपये तथा 45 साल से अधिक आयु के व्यक्ति को तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। डीसी ने बताया कि दुर्घटना में 70 प्रतिशत या इससे कम विकलांगता होने पर यही राशि मिलेगी। डीसी ने बताया कि किसी नागरिक को कुत्ता काट लेता है तो एक दांत के निशान पर दस हजार रुपये व दो दांत के निशान पर बीस हजार रुपए तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसी तरह दुर्घटना में मामूली चोट के लिए दस हजार रुपये तक की सहायता मिलेगी। इसी तरह किसी बेसहारा या पालतू पशु की टक्कर से कोई व्यक्ति घायल हो जाता है तो उसको भी आर्थिक सहायता दी जाएगी।

- दुर्घटना में घायल या मरने वाले के परिजनों के लिए पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी



डीसी अभिषेक मीणा।

# खिलाड़ी कभी नहीं हारता, बल्कि हार से जीतने का हुनर सीखता : डा. कृष्ण कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

रविवार को गांव जलियावास में पॉवर लिफ्टिंग की वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल विजेता संजय पहलवान के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डा. कृष्ण कुमार थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने योग कला का भी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि संयम, अनुशासन और धैर्य से कामयाबी हासिल होती है। खिलाड़ी कभी नहीं हारता, बल्कि हार से जीतने का हुनर सीखता है। सरकार ने खिलाड़ियों के लिए अनेक योजनाए लागू की है, जिससे खिलाड़ी ग्रामीण अंचल से निकलकर देश-विदेश में भारत का नाम रोशन कर रहे है। बीते दिनों थाईलैंड में हुई प्रतियोगिता में जलियावास निवासी संजय पहलवान नें गोल्ड मेडल जीता था। विधायक ने संजय का सम्मानित किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि हरपाल, समाजसेवी अनिल रायपुर, टिंकू, पवन पहलवान व यंग मैन एशोशिएशन के अध्यक्ष अमित स्वामी सहित अनेक लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद विधायक, अतिथि व बच्चे।